# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 22** **अक्तूबर-दिसंबर 2019**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

## श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

## श्रीमती अर्चना नायक

**संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**

## श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,

**वरिष्ठ अनुवादक, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---

## दिनांक 20.11.2019 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा कन्नड़ राज्योत्सव मनाया गया



# सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**दिनांक 28-10-2019 से दिनांक 02-11-2019 तक केंद्रीय कर और सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया है । दिनांक 01-11-2019 को केंद्रीय कर, बेंगलूरु पूर्व आयुक्तालय, दोमलूरु, बेंगलूरु में समापन समारोह मनाया गया है ।**

**भ्रष्टाचार उन्मूलन और सभी कार्यों में तत्परता और पादर्शिता लानेके संबंध में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 28-10-2019 को शपथ लेने के साथ-साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत हुई ।**

**इस उपलक्ष्य में बैनर्स और पोस्टर्स सभी आयुक्तालयों के प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित भी किए गएं । सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आचरण के एक अंश के रूप में निम्नलिखित प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं ।**



**सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह दिनांक 01-11-2019 के सायं 04:00 बजे बेंगलूरु पूर्व आयुक्तालय के सभागार में आयोजित किया गया । इस समारोह में स्वागत भाषण केंद्रीय कर, बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय, बेंगलूरु के आयुक्त डॉ.अनिल के.निगम ने किया। कर्नाटक उच्च न्यायालय, बेंगलूरु के माननीय न्यायाधीश श्री कृष्णा एस. दीक्षित ने मुख्य अतिथि का संभालें । श्री डी.पी.नागेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय के अपर आयुक्त (अब के आयुक्त) श्री अमितेश भरत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया । मंच संचालन केंद्रीय कर, जीएसटी दक्षिण आयुक्तालय, बेंगलूरु के सहायक आयुक्त श्री नितिन कृष्णा शनॉय पदवु ने किया ।**

**दिनांक 29-10-2019 को "प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता" आयोजित की गई । प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताएँ:**
**प्रथम--श्री पारीख प्रितेश कुमार, निरीक्षक, उत्तर आयुक्तालय, द्वितीय--श्रीमती ए.बी. कविता, अधीक्षक, दक्षिण आयुक्तालय, तृतीय--श्री आकाश गोयल, कर सहायक, उत्तर-पश्चिम आयुकतालय**





**दिनांक 31-10-19 को "वाद-विवाद" प्रतियोगिता आयोजित की गई । वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताएँ:**
**प्रथम--श्री प्रतीक छग, निरीक्षक, उत्तर-पश्चिम आयुक्तालय, द्वितीय--श्री वी.एस. सत्यनारायणा, सहायक आयुक्त, दक्षिण आयुक्तालय, तृतीय--श्री नागेश बाबु, अधीक्षक, उत्तर-पश्चिम आयुक्तालय**





**दिनांक 31-10-2019 को "निबंध" प्रतियोगिता आयोजित की गई । निबंध प्रतियोगिता के विजेताएँ :**
**प्रथम--सुश्री अंकिता शर्मा, कर सहायक, शहरी सीमा शुल्क आयुक्तालय, द्वितीय--श्री आकाश गोयल, कर सहायक, उत्तर-पश्चिम आयुक्तालय, तृतीय-- श्रीमती रूपा बाई, अधीक्षक, पूर्व आयुक्तालय**






**दि.31-10-19 को "मैराथॉन-वाकेथॉन" का आयोजन किया गया । मैराथॉन-वाकेथॉन के विजेताएँ :**
**<u>पुरुषों की श्रेणी</u> प्रथम-श्री सी.ए. पोन्नअन्ना, हवलदार, पूर्व आ., द्वितीय-श्री ए. रविचंदर, अधीक्षक, अपील्स-I आ., तृतीय-श्री एन. होन्नूस्वामी, हवलदार, पश्चिम आ. <u>महिलाओं की श्रेणी</u> प्रथम-सुश्री मानुषा रेड्डी, हवलदार, पूर्व आ.**






## केंद्रीय विनिर्माणकारी प्रौद्योगिकी संस्थान, तुमकूरु रोड, बेंगलूरु में आयोजित संयुक्त हिंदी दिवस ।




इस अंचल के वरिष्ठ अनुवादक ने संयुक्त हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बेंगलूरु के सदस्य कार्यालय आई.आई.एस.सी. द्वारा दिनांक 24.10.2019 को आयोजित हिंदी विविधा प्रतियोगिता में भाग लिया । तथा केंद्रीय विनिर्माणकारी प्रौद्योगिकी संस्थान, तुमकूरु रोड, बेंगलूरु में दिनांक 18.12.2019 को आयोजित संयुक्त हिंदी दिवस पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय2), बेंगलूरु के अध्यक्ष डॉ.चार्लस लोबो के करकमलों से पुरस्कार प्राप्त करते हुए इस कार्यालय के वरिष्ठ अनुवादक श्री वाई. सुब्रह्मण्यम ।



संयुक्त हिंदी दिवस पर उपस्थित दर्शकगण

## हिंदी कार्यशाला

**दिनांक 13.11.2019 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में कार्यरत संवर्ग 'क' अधिकारियों के लिए एक संयुक्त हिंदी कार्यशाला का आयोजन केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा किया गया ।**



इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें । **आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**